PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

**जरूरी सूचना**
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें 9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 अंक 17 जयपुरः 8 अप्रेल 2024 से 22 अप्रेल 2024 RNI No : RJHIN/2002/9810 वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों पर व्याख्यान का आयोजन

**परिष्कार पत्रिका लाडनूं।** जैन विश्वभारती संस्थान के शिक्षा विभाग में एनईपी–2020 पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीएल जैन ने इस अवसर पर शिक्षक को शिक्षा की गुणवत्ता के लिए एनईपी–2020 के प्रावधानों के अनुसार उठाए जाने वाले कदमों के बारे जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इसमें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा प्रवेश परीक्षा करवाई जाएगी। 2030 तक सभी एकल शिक्षक शिक्षा संस्थानों को बहु–विषयक कॉलेज और विश्वविद्यालय में शामिल किया जायेगा। 4 वर्षीय एकीकृत बी.एड. डिग्री 2030 तक न्यूनतम डिग्री योग्यता होगी। शिक्षक भर्ती में टीईटी या एनटीए परीक्षा के अंकों को शामिल किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में साक्षात्कार अथवा कक्षा में पढाने का प्रदर्शन देखना, शिक्षकों के ऑनलाइन के लिए स्वयम् व दीक्षा जैसे पोर्टल से ज्ञान बढाया जायेगा, बहु–विषयक और एकीकृत उच्चतर गुणवतायुक्त विषयवस्तु, शिक्षक समुदाय से जुडे, छात्रों को पारम्परिक स्थानीय कला, व्यवसायिक शिल्प, उद्यामिता, कृषि या कोई अन्य विषय से जोड़ना शामिल होगा। इसमें स्थानीय प्रतिष्ठित व्यक्तियों या विशेषज्ञों को आमंत्रित करना, शिक्षक का नवीनतम तकनीकी में प्रशिक्षण, पर्यावरण शिक्षा, राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (एनपीएसटी) के आधार पर वेतनवृद्धि, पदोन्नति और पहचान किया जाना, शिक्षण की विविध विधियां का अध्ययन, शोध प्रलेखन, बेहतरीन मेंटरों का निर्देशन, भारतीय मूल्यों, भाषाओं, ज्ञान, लोकाचार, और परम्पराओं के प्रति जागरूकता पैदा करना, सामुदायिक सेवा, व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करना, शिक्षक शिक्षा में अखंडता, विश्वसनीयता, प्रभाविता और उच्चतर गुणवता को बढ़ावा देना शामिल है। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के डॉ.मनीष भटनागर, डॉ. विष्णु कुमार, डॉ.अमिता जैन, डॉ. सरोज रॉय, डॉ. आभा सिह, डॉ. गिरिराज भोजक, डॉ. गिरधारीलाल, खुशाल जांगिड, प्रमोद ओला, सुश्री स्नेहा शर्मा आदि एवं शिक्षा विभाग की बी.ए.–बी.एड एवं बी.एस.सी–बी.एड की छात्राध्यपिका उपस्थित रही।

आओ बूथ चले अभियान के तहत मतदान केंद्रों पर किया मतदान पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण

# शुरूआती 2 घंटे में ही 22 लाख मतदाताओं को किया वोटर स्लिप का वितरण

### अब तक 60 लाख से अधिक वोटर पर्ची वितरित, तेज धूप एवं गर्मी के बावजूद मतदाताओं ने दिखाया जबरदस्त उत्साह

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव–2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा द्वारा रविवार को प्रदेश के प्रथम चरण के मतदान वाले 12 लोकसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों पर आओ बूथ चले अभियान के तहत मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से राज्य के 5 करोड़ 32 लाख वोटर्स में से प्रत्येक मतदाता तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका देकर मतदान दिवस पर मतदान के लिए मनुहार की जा रही है। गुप्ता ने बताया कि मतदाताओं का उत्साह इस बात से समझा जा सकता है कि रविवार को अभियान शुरू होने के शूरूआती 2 घंटे में ही 52 लाख मतदाताओं को वोटर स्लिप का वितरण कर दिया गया। फर्स्ट टाइम वोटर में वोटर गाइड–वोटर स्लिप लेकर खासा उत्साह देखा गया। तेज धूप एवं गर्मी के बावजूद वोटर गाइड–वोटर एवं वोटर स्लिप लेने के लिए भारी संख्या में पोलिंग बूथ पर मतदाता आए। बूथ पर आए मतदाताओं में वोटर लिस्ट में नाम पता करने को लेकर भी उत्सुकता देखी गयी। अभियान के साथ ही मतदाताओ के घर–घर जाकर भी मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है।

गुप्ता ने बताया कि 14 एवं 21 अप्रैल को भी प्रदेश के सभी मतबूथ स्तरीय आओ बथ चले अभियान आयोजित किए जाएंगे। इनमें सभी 53126 मतदान केन्द्रों पर सभी संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य दिवसों पर भी घर–घर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका देकर मतदान के लिए मनुहार की जाएगी। प्रथम चरण हेतु मतदाता पर्ची एवं मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण 14 अप्रेल तक पूर्ण कर लिया जाएगा। गुप्ता ने बताया कि द्वितीय चरण के मतदान के लिए प्रदेश के सभी 53,126 मतदान केन्द्रों पर 14 एवं 21 अप्रैल को भी सघन अभियान चलाकर मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका वितरित की जाएगी। अभियान के तहत मतदान केंद्रों पर मतदाता मार्गदर्शिका और मतदाता पर्ची के वितरण सहित अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

## नव संवत्सर और नवरात्र पर राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार से आरम्भ हो रहे संवत्सर 2081 और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सभी के मंगल की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने नव संवत्सर में नए संकल्प के साथ राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर पर शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा सभी लोगों का कल्याण करें। उन्होंने मां के नौ रूपों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों के जीवन में सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

जयपुर विकास प्राधिकरण : जेडीए की बड़ी कार्यवाई

## सात बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी किया ध्वस्त

### जोन–13 में चार मंजिला अवैध बिल्डिंग को किया सील

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन–13 निजी खातेदारी करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन–13 में ग्राम चौमू में नारंग हॉस्पिटल के पास जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बनी 04 मंजिला अवैध बिल्डिंग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की गई। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन–08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नरोत्तमपुरा, जयसिंहपुरा भांकरोटा तहसील सांगानेर जिला जयपुर में पूर्व में अक्टूबर 2022 व मई 2023 में दो बार ध्वस्त ''बंषीवट धाम'' के नाम से अवैध कॉलोनी में पुनः करीब 07 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति–अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''गोर्वधन एन्कलेव'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों–रात बनाई गयी मिट्टी–ग्रेबल सडकें, बाउण्ड्रीवाल, 04 टीनषेडनुमा कोठरियां, निर्माणाधीन ढाँचें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन–08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन–प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन–08, 10, 11, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में



पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। जेडीए द्वारा जोन–13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित चौमू में जयपुर रोड़ पर नारंग हॉस्पिटल के पास जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के 04 मंजिला अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा–34(क) का नोटिस जारी कर आज दिनांकः 05.04.2024 को उक्त 04 मंजिला अवैध बिल्डिंग के प्रवेष द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से गेटो पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई । जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय–खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।

## श्री रामदेव सेवा समिति दिल्ली ने किया मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह और कलश यात्रा का आयोजन







**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** श्रीरामदेव सेवा समिति दिल्ली के तत्वावधान में दिल्ली में प्रथम बार और सर्व समाज बाबा रामदेव महाराज के भक्तों की तरफ से और पीर गादी पचुंडा शिवदासपुरा गांव जयपुर राजस्थान के संत दुर्गादास महाराज की अध्यक्षता में धानका समाज एवं पीर गादी पचुंडा शिवदासपुरा गांव के प्रमुख संत प्रथम नरवेद दीक्षार्थी कैवलधाम वासी संत पूरणदास महाराज की 76वीं जयंती के अवसर पर सर्व समाज दिल्ली और जयपुर राजस्थान के भक्तों ने मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा और भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। कलश यात्रा के भव्य आयोजन में महिलाओं ने कलश धारण कर पूरे गांव की परिक्रमा की। बैण्ड बाजे की मधुर स्वर लहरियों में कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद सभी भक्तों ने मूर्ति स्थापना से पूर्व यज्ञ में आहूति दी और मूति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर बाबा रामदेव महाराज के वंशज केसर सिंह महाराज और जगमाल महाराज उपस्थित हुए। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारियों ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती महाराज उपस्थित होकर सभी भक्तों को अपना आशीर्वाद दिया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दिल्ली के कला संगम ग्रुप के कलाकारों ने गणेश वंदना कर द्वारकाधीश भगवान विष्णु के अवतारों पर आधारित भव्य झांकियां प्रस्तुत कर सभी भक्तों को आनंदित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और सभी भक्तों ने प्रसादी का आनंद लिया।

## वायु प्रदूषण और एंटीमाइकोबियल प्रतिरोध में द्विपक्षीय संकट स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर अत्यंत प्रभावशाली व्याख्यान





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान विश्व विद्यालय जयपुर के प्राणीशास्त्र विभाग उसके अलुमनी संघ और भारतीय विज्ञान अकादमी के सहयोग से रामास्वामी मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं पूर्व डीन और राष्ट्रीय चेयर, एम्स, न्यू दिल्ली के प्रोफेसर नरिंदर मेहरा द्वारा वायु प्रदूषण और एंटीमाइकोबियल प्रतिरोध में द्विपक्षीय संकट स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर अत्यंत प्रभावशाली व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्जवलन से हुआ तत्पश्चात विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सीमा श्रीवास्तव ने प्रोफेसर रामास्वामी के स्वर्णि योगदान को याद करते हुए वर्तमान समय में चलने वालेशोध कार्य एवं उनकी सफलताओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर प्रोफेसर मेहरा ने बताया कि जी–7 देशों की विज्ञान अकादमियों ने जलवायु संरक्षण, उर्जा संक्रमण और महामारी की तैयारी के लिए तत्काल क्रियावली की मांग की है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अल्पना कटेजा ने की और उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए विभाग को बधाई देते हुए प्राणीशास्त्र विभाग के बेहतर भविष्य की कमाना की। इस अवसर पर उन्होंने बढ़ते हुए वैश्विक वायु प्रदूषण के प्रति चिंता प्रकट करते हुए अपने प्रभावी विचार भी रखे।

## 2200 से ज्यादा मतदान बूथों पर होगी लाइव वेब कास्टिंग

### प्रशिक्षित कार्मिक हर बूथ की हर एक गतिविधि पर नजर रखेंगे

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त लोकसभा चुनाव के आयोजन के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय हर संभव प्रयास कर रहा है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों सहित 2 हजार 295 चिन्हित मतदान केन्द्रों से लाइव वेब कास्टिंग की जाएगी। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के उपनिदेशक ऋतेश कुमार शर्मा ने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 922 मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। जिसमें जयपुर निर्वाचन क्षेत्र में समाहित हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 105, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 137, सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र में 104, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 84, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 107, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 93, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 139 एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र में 153 मतदान केन्द्र सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 881 मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। जिसमें जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में समाहित कोटपूतली विधान सभा क्षेत्र में 112, विराट नगर विधानसभा क्षेत्र में110, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 106, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 125, झोटवाड़ा विधानभा क्षेत्र में 174, आमेर विधान सभा क्षेत्र में 136, जमवा रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 118 मतदान केन्द्र सम्मिलित हैं। ऋतेश कुमार शर्मा ने बताया कि दौसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 126 एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 117 मतदान केन्द्रों की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। सीकर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 114 मतदान केन्द्रों एवं अजमेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित दूदू विधानसभा क्षेत्र में 135 मतदान केन्द्रों पर लाइव वेब कास्टिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि लाइव वेबकास्टिंग के जरिये बूथों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जयपुर कलेक्ट्रेट में केंद्रीयकृत नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की जाएगी। जहां प्रशिक्षित कार्मिक हर बूथ की हर एक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी।

### याद रखना

*जब टूटने लगे हौसले,*
*तो बस ये याद रखना।*
*बिना मेहनत के हासिल,*
*तख्तो ताज नहीं होते।*
*ढूंढ लेना अंधेरों में मंजिल अपनी,*
*जुगनू कभी रोशनी के*
*मोहताज नहीं होते।*

PRIME TRACK



**Trackon**
**Couriers Pvt. Limited**

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

**A.S. MEMORIAL**
**Sec. School**

58, Shanti Nagar, N.B.C. Road
Jaipur-302006
Mob. 9549036888



Ankit Singh
Director

Day Boarding
English Medium

**Your Childs Journey to a Great Future begins here**

Experience Teaching Staff, Spoken English Classes, Personality Development, Memory Tips, Study By Porjectors, Sparate Furniture for every Student, On every Saturday there are Activities, Classes of Yoga, Games of Spelling, Meaning and Interaction with all the Student in English Language, Hygienic and Friendly Environment for Students and Personal Attention is given, Big and Airy Classrooms, Conveyance Facility for every Area.

## सम्पादकीय

नैराश्य रूपी अंधकार का नाश करते हुए सकारात्मकता रूपी नव ऊर्जा से भरकर जीवन को नवीनता प्रदान करना ही नवरात्रि पर्व का मुख्य संदेश है, जीवन में काम, क्रोध, लोभ, मोह का समावेश ही घनघोर रात्रि के समान है जिसमें प्रायः जीव उचित मार्ग के अभाव में भटकता रहता है। हमारे शास्त्रों में अज्ञान और विकारों को एक विकराल रात्रि के समान ही बताया गया है। इन दुर्गुण रूपी रात्रि के समन के लिए व जीवन को एक नईं दिशा, नईं उमंग, नया उत्साह देने के साधना काल का नाम ही नवरात्र है। माँ दुर्गा साक्षात ज्ञान का ही स्वरूप है और नवरात्र में माँ दुर्गा की उपासना का अर्थ ही ज्ञान रूपी दीप का प्रज्ज्वलन कर जीवन से अज्ञान के तिमिर का नाश करना है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि पुरुषार्थ करने से दरिद्रता, धर्म करने से पाप और मौन धारण करने से कभी भी कलह नहीं रहता है। केवल मेहनत करना ही पर्याप्त नहीं अपितु उचित दिशा में अथवा तो एक ही दिशा में मेहनत करना भी अनिवार्य हो जाता है। उचित समय एवं उचित दिशा में की गई मेहनत सदैव जीवन उन्नति का मूल होती है। अनुशासित जीवन सदैव आदर्श जीवन भी होता है। माता–पिता के द्वारा डाँटा गया पुत्र, गुरु के द्वारा डाँटा गया शिष्य एवं सुनार के द्वारा पीटा गया सोना सदैव आभूषण ही बनते हैं। प्रहार ही तो जीवन में निखार का कारण भी बनते हैं। पत्थरों का मूर्ति के रुप में तब तक रुपांतरण नहीं हो सकता जब तक कि उन्हें अच्छी तरह से छैनी एवं हथोड़े के प्रहार से ना गुजरना पड़े। हजारों प्रहार ही पत्थर को मूर्ति का आकार प्रदान करते हैं। ऐसे ही अपने से बडों की डाँट ही जीवन को श्रेष्ठता एवं दिव्यता प्रदान करती है। समाज के समक्ष सदैव वही जीवन वंदनीय एवं अनुकरणीय बन सका जिस जीवन ने अपने बडों का सम्मान करना सीखा। अपने से बड़ों के कटु शब्द जीवन में उन नीम के पत्तों के समान ही हैं, जो बेशक कड़वे होंगे लेकिन स्वास्थ्य के लिए एक औषधि के रूप में ही कार्य करेंगे अथवा तो जीवन के लिए अति हितकर ही सिद्ध होंगे।

**जय हिन्द, जय भारत।।**

## बल्क डाक बुकिंग कराने वालों के लिए बीपीसी में खास व्यवस्था



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** बल्क डाक बुकिंग कराने वालों के लिए बीपीसी में विशेष बुकिंग सुविधा फॉरेन डाक की बल्क बुकिंग के लिए भी विशेष काउंटर उपलब्ध है। भारतीय डाक विभाग जयपुर नगर मण्डल की ओर से बल्क डाक बुकिंग कराने वाले ग्राहकों के लिए जयपुर जीपीओ स्थित बिजिनेस पोस्ट सेंटर में विशेष कउंटर की व्यवस्था की गई है। जहां पर ग्राहक अपने डाक की बुकिंग करवा सकते हैं। जयपुर नगर मण्डल के प्रवर अधीक्षक मोहन सिंह मीना ने बताया कि हमने बल्क ग्राहकों को बुकिंग में आ रही समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए बीपीसी में बल्क बुकिंग सेवाओं को सरल एवं सुगम बनाया गया है। जहां ग्राहक किसी भी कार्यदिवस में कितनी भी मात्रा में डाक की बुकिंग करवा सकेंगे, इसके लिए ग्राहकों को परेशान नहीं होना पडेगा। उन्होंने बताया कि बीपीसी में ग्राहकों को पीने के लिए पानी, विजिटेंग चेयर एवं अन्य सभी ग्राहक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि बीपीसी में सभी प्रकार की डाक बुकिंग की जाती है। स्पीडपोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट, पार्सल, फॉरेन स्पीड पोस्ट, फॉरेन रजिस्टर्ड पोस्ट, फॉरेन पार्सल आदि सभी प्रकार की डाक बुक की जाती है। इसके अतिरिक्त बल्क में एक्पोर्सट करने वाले ग्राहक. ों के लिए रजिस्टर्ड स्माल पैकेट बुकिग की सुविधा भी काउंटर पर उपलब्ध है।


**फ्रैंकिंग सुविधा भी उपलब्ध रहेगी :** बल्क में साधारण डाक भेजने वाले ग्राहकों के लिए फ्रैंकिंग मशीन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जिसके लिए ग्राहक. ों को अलग डाक टिकट खरीदकर चिपकाने की जरूरत नहीं होगी। अब फ्रैंकिंग मशीन द्वारा बीपीसी में ही ग्राहकों की डाक पर डाक टिकट फ्रैंक कर दिया जाएगा।इससे ग्राहकों को डाकघर के चक्कर भी नहीं काटने पडेंगे और उनका समय भी बचेगा।

**पार्सल पैकिंग सुविधा उपलब्ध है :** ग्राहक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग जयपुर नगर मण्डल की ओर से ग्राहकों के लिए पार्सल पैकिंग सुविधा भी उपलब्ध की गई है। यह सुविधा जयपुर के तीनों प्रधान डाकघर, जयपुर जीपीओ, शास्त्रीनगर डाकघर एवं जवाहर नगर में उपलब्ध कराई गई है। यहां ग्राहक अपने सामान के साथ पहुंचकर नॉमिनल सरकारी दर पर पार्सल या डाक की पैकिंग किसी भी वर्किंग दिन में करवा सकते हैं।

### सेंट जेवियर्स स्कूल नेवटा में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

## युवाम् वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सेंट ज़ेवियर्स स्कूल, नेवटा के प्रांगण में शनिवार 6 अप्रेल 2024 को छठवें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'युवाम्' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम 'युवाम्' के मुख्य अतिथि जस्टिस समीर जैन (राजस्थान हाइकोर्ट) थे। कार्यक्रम का प्रारंभ विशिष्ट अतिथियों के स्वागत व अभिनन्दन से हुआ। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर संगीत राज एस.जे. द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। अपने भाषण में उन्होंने विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को शैक्षिक उपलब्धियों के लिए बधाई दी और साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों विशेषकर युवा वर्ग से आत्मीय सम्बन्ध बनाए रखें। युवाओं के लिए संदेश दिया कि वे डिजिटल मीडिया से दूर रहें। कार्यक्रम में फादर डॉ॰ आरोक्य स्वामी एस.जे., फादर प्रो॰ ज़ेवियर्स एस.जे., फादर रेमण्ड एस.जे., फादर अमलद. ास एस.जे., फादर प्रदीप एस.जे., फादर डोमिनिक एस.जे. एवं सिस्टर लीडा डिसूजा सम्मिलित हुए। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य फादर अरूल एंटनी एस.जे. द्वारा शैक्षिक–सत्र 2023–24 की संपूर्ण वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया तथा सह शैक्षिक गतिविधियों जैसे नृत्य, खेल आदि में अपनी प्रतिभा दिखाने पर सम्मानित किया गया व बधाई दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा एक से पांचवीं तक के छोटे–छोटे बच्चों द्वारा नृत्य का अदभुत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विद्यालय पत्रिका 'एक्सलसियर' का विमोचन किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों व शिक्षकों की रचनात्मकता, अनुभव एवं उनकी उपलब्धियों का समावेश किया गया है। नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रत्येक कक्षा में से विद्यार्थियों को इग्नेशियन अवार्ड दिया गया। 'ज़ेवियराइट ऑफ दी इयर' का पुरस्कार विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों 'निर्भय सिंह' व 'त्वेषा वरलानी' को दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के बैंड 'सिल्वर स्ट्रिंग' की मनमोहक प्रस्तुति रही तथा अन्य संगीतमय प्रस्तुतियों ने दर्शकों को अंत तक कार्यक्रम से जोड़े रखा।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का हिस्सा बनकर स्वयं को कृतज्ञ महसूस किया, जो कि स्वयं सेंट ज़ेवियर्स स्कूल, जयपुर के विद्यार्थी रह चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में शिक्षक की भूमिका बताते हुए कहा कि 'गुरू बिन ज्ञान नहीं' गुरू ही वह माध्यम है, जो आपको परमात्मा का ज्ञान करवाता है। साथ ही बताया कि सामूहिक रूप से ही हम उन्नति की ओर अग्रसर हो सकते हैं। विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या व स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। खेल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा एवं विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों के निर्माण हेतु सेंट ज़ेवियर्स समूह के योगदान की सराहना की। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर संगीत राज एस.जे. के मार्गदर्शन में हुआ, जो निरंतर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य निर्माण में तथा विद्यालय की निरंतर प्रगति में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने अपने अनुभव और बहुमूल्य विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यापिका निकिता तामरा द्वारा उन सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया, जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## जयपुर जिला सॉफ्टबॉल संघ की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर जिला सॉफ्टबॉल संघ की कार्यकारिणी के चुनाव स्थानीय होटल रेजिडेंसी धूलेश्वर गार्डन अजमेर रोड पर संपन्न हुए कार्यकारिणी के सभी पद अधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें निम्न पदाधिकारी चुने गए। अध्यक्ष गिरिराज खंडेलवाल सचिव राहुल तंवर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कोषाध्यक्ष प्रीतम तंवर चेयरमैन जगदीश कौर सैनी वाईस चेयरमैन डॉ अरुण सोनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष सज्जन सिंह उपाध्यक्ष अजय शर्मा, शिव शर्मा, राजीव चौधरी, पवन कुमार शर्मा, साहिल शमा संयुक्त सचिव नरेंद्र तंवर, अक्षय मेहता, सुरेंद्र जांगिड़, लोकेश सैनी, सदस्य जगदीश नारायण सैनी, धर्मेंद्र आशीषजा, मुकेश सैनी, जॉनी मक्कड़, शैलेश कुमार, प्रमेन्द्र शर्मा जिला संघ के नवनिर्वाचित सचिव राहुल तंवर ने बताया की यह चुनाव जिला संघ की आगामी अवधि 2024–28 के लिए हुए हैं इसके साथ ही तंवर बताया कि मैं खुद एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हूं। इस नाते सॉफ्टबॉल खेल को पुरे जयपुर जिले में ही नहीं वरन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का प्रयास करूंगा।

## सांभर वालों ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** धीरज, नीरज व पंकज (मोहता परिवार) सांभर वालों के द्वारा माताजी मीना माहेश्वरी की स्मृति में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 198 यूनिट ब्लड का संकलन किया गया।

शिविर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा का भी सफल आयोजन किया गया, शिविर की सफलता मे सहयोग रहा समाज अध्यक्ष केदार भाला, बजरंग बाहेती, उमेश सोनी, एवं गणमान्य कार्यकर्ताओ सुनील काबरा, प्रदीप लढ्ढा, मनोज लढ्ढा, अभिनेता आर्यन माहेश्वरी, अनील अजमेरा, आशीष मंत्री, अशोक साबू, नरेश जाखोटीया, अरुण बाहेती, संदीप कचोलीया, श्याम सुन्दर जाजु, जय प्रकाश साबू, जयंत बाहेती, प्रकाश रांन्दढ, विजय खरॉ, यश मोहता एवं वार्ड 36 के पार्षद प्रत्याशी अजय सैनी का सहयोग प्राप्त हुआ।

महेश्वरी समाज जयपुर के नेत्रदान और देह–दान प्रेरणा प्रकल्प के संयोजक सुरेंद्र बजाज एवं ब्रजकिशोर सांभरियां और दामोदर अटल के सहयोग से नेत्रदान के 29, देहदान के 1 संकल्प पत्र भरा गया। आयोजनकर्ता मोहता परिवार ने इस शिविर के सफल आयोजन होने के लिए सभी सहभागिता करने वाले समाज कार्यकारिणी, कार्यकर्ताओं व सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

## पोषण पखवाड़ा में बेहतर प्रदर्शन करने पर श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ तथा बून्दी सम्मानित

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** महिला एवं बाल विकास शासन सचिव डॉ. मोहन लाल यादव ने 9 से 23 मार्च तक आयोजित पोषण पखवाड़ा में श्री गंगानगर को प्रथम, हनुमानगढ़ को द्वितीय तथा बून्दी को तृतीय स्थान पर रहकर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग की अध्यक्षता में तथा निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओपी बुनकर, अतिरिक्त निदेशक चाँदमल वर्मा, संजय शर्मा, वित्तीय सलाहकार पदमचंद, उपनिदेशक पोषहार डॉ. मंजू यादव की उपस्थिति में जयपुर के झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित निदेशालय महिला अधिकारिता के बैठक कक्ष में जिला उपनिदेशक अधिकारियों की समीक्षा बैठक में उक्त सम्मान पत्र दिए गए। प्रदर्शन तालिका में अंतिम पायदान पर अलवर, जयपुर व भरतपुर जिले रहें। शासन सचिव ने समीक्षा बैठक में कहा कि बेहतर प्रदर्शन के लिए अधिकारियों में आत्म विश्वास होना बहुत आवश्यक है। आत्म विश्वास रखने वाले अधिकारी फील्ड में आने वाली समस्याओं का निवारण कर आसानी से विभागीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि अभिभावक व टीचर मीटिंग की तर्ज पर आंगनबाडी केंद्रों पर पैम का आयोजन महीने में एक बार अमावस्या के दिन आयोजित की जाने वाली पैम में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। वहीं जीरो प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शासन सचिव ने समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने पोषण ट्रैकर की समुचित मॉनिटरिंग की जानी आवश्यकता पर बल दिया। निदेशक ओपी बुनकर ने समीक्षा बैठक में कहा अधिकारियों द्वारा प्रत्येक स्तर पर दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग की जानी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को आंगनबाड़ियों के निरीक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने केपीआई की प्रगति करने व ई–फाइलिंग को अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए।

## गणगौर उत्सव के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** गणगौर उत्सव के लिए जयपुर विश्वभर में विख्यात है। उत्सव के तहत 11 अप्रैल को गणगौर की सवारी एवं 12 अप्रैल को बूढ़ी गणगौर की सवारी शाम 6 बजे जनानी डयोढ़ी सिटी पैलेस से रवाना होकर त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होती हुई पालका बाग पहुंचेगी। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि गणगौर की सवारी को देखने के लिए देश–विदेश से सैलानी जयपुर पहुंचते हैं। अतः दर्शकों की सुरक्षा एवं उत्सव में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयुक्त नगर निगम हैरिटेज को सवारी मार्ग पर सफाई, पेयजल व्यवस्था, रोशनी की व्यवस्था, पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन वाहन मय आवश्यक उपकरण एवं स्टाफ तैनात करवाये जाने के निर्देश दिये गए हैं। पुलिस उपायुक्त, जयपुर उत्तर को सवारी के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द, सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं, वहीं, पुलिस उपायुक्त, जयपुर यातायात को सवारी के दौरान यातायात की माकूल व्यवस्था करने एवं समुचित मात्रा में यातायात पुलिसकर्मियों को तैनात करने के निर्देश दिये गए हैं। पर्यटन विभाग के अधिकारियों को विदेशी पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था करने, नगर निगम व सार्वजनिक विभाग से समन्वय रखते हुए सवारी के मार्ग में बेरिकेडिंग करवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

### निगम हैरिटेज की ओर से जल महल की पाल पर आयोजित हुआ सफाई श्रमदान कार्यक्रम

## भेलू मित्र मंडल, सीफार एनजीओ, विद्यार्थियों, निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित 200 लोगों ने भागीदारी की

### जल स्त्रोतों के महत्व व जल संरक्षण में जन भागीदारी को बढ़ाना है लक्ष्य





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 के तहत जयपुर शहर में स्वच्छता की श्रेणी को मध्येनजर रखते हुये नगर निगम जयपुर हैरिटेज की ओर से जलमहल की पाल पर सफाई श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया व भेलू मित्र मण्डल, सीफार एनजीओ, विधार्थियों व निगम के अधिकारियों कर्मचारियों ने लगभग 150 किलो कचरा निकाला।इस कार्य में बोट्स की मदद ली गई। जिसमें हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा सहित निगम के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने जलमहल की पाल पर साफ–सफाई व श्रमदान कर आमजन को शहर को स्वच्छ बनाने हेतु प्रेरित किया। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया की स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 के तहत आई ई सी एक्टीविटी के कम्पोनेंट के रूप में यह कार्यक्रम आयोजित करवाया जा रहा हैं। जिसमे जल स्त्रोतों के महत्व व जल संरक्षण में जन भागीदारी को बढाने पर जोर दिया जायेगा। यह कार्यक्रम दिन भर चला व गैराज से जेसीबी, लोडर, गोबलर, डम्पर ट्रेक्टर आदि तैनात रहे। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त रौनक बैरागी, उपायुक्त करतार सिंह, संयुक्त निदेशक जन सम्पर्क मोतीलाल वर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया अग्रवाल, जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा, राजस्व अधिकारी पार्वती सोनी, अधिशाषी अभियंता मुकेश कुमार, एनजीओ, सीफार व पीआईयूई संस्थाओं सहित निगम के अन्य अधिकारीगण एवं सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

## आरपीएससी अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से ही करें शुल्क का भुगतान

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा संशोधन शुल्क, विस्तृत आवेदन–पत्र के साथ लिया जाने वाला शुल्क इत्यादि केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जा रहें हैं। 1 जनवरी 2024 से पोस्टल आर्डर के माध्यम से शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को बंद कर दिया गया है।

आयोग की ओर से समस्त अभ्यर्थियों को जरिये प्रेस नोट सूचित किया गया है कि आयोग को किया जाना वाला शुल्क भुगतान ऑनलाइन माध्यम से ही किया जावे।

किसी भी परिस्थिति में पोस्टल आर्डर इत्यादि से किया जाने वाला ऑफलाइन शुल्क आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

आयोग सचिव ने बताया कि आयोग को भेजे जाने वाले ऑनलाइन शुल्क हेतु अभ्यर्थी एसएसओ आईडी पर लॉगिन करने के बाद रिक्रूटमेंट पोर्टल पर उपलब्ध ''पेमेंट फॉर ऑफलाइन सर्विस'' पर क्लिक कर शुल्क के प्रयोजन का चयन कर ऑनलाइन माध्यम से ही शुल्क जमा कराएं। ऑनलाइन शुल्क जमा करने के बाद रसीद का प्रिंट अवश्य लें।

इस रसीद को आयोग में प्रस्तुत किए जाने वाले विस्तृत आवेदन –पत्र अथवा संशोधन के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले ऑफलाइन पत्र के साथ संलग्न किया जावे। इसी प्रकार आयोग द्वारा 1जनवरी 2024 से आर टी आई के तहत आवेदन को भी केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किया जा रहा है। इसके तहत की जाने वाली प्रथम अपील को भी 1 जुलाई 2024 से ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। उल्लेखनीय है आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधार्थ सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से विभिन्न प्रक्रियाओं को निरंतर ऑनलाइन किया जा रहा है।

इनके माध्यम से अभ्यर्थियों को विभिन्न आवे. दन, शुल्क भुगतान तथा परिवेदना दर्ज कराने जैसी सुविधाएं ऑनलाइन ही प्राप्त हो रहीं है।

इससे आयोग की प्रक्रियाओं में गति के साथ ही अभ्यर्थियों के समय, श्रम एवं धन की बचत भी हो रही है।

**परिष्कार पत्रिका समाचार पत्र**

में प्रकाशन के लिए

अपने क्षेत्र की खबर, संदेश, श्रद्धांजली, व्यक्तिगत परिचय, विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

**परिष्कार पत्रिका**

पंजीकृत कार्यालय : 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर
शाखा कार्यालय : शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 9314407796, 9351311820

## परिष्कार मैरिज ब्यूरो

### वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, गहलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किराड, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, खर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है देवली में स्वयं की ई-मित्र शॉप एवं गिफ्टिंग वर्क इन मेटल मार्किंग मशीन 29 वर्षीय एमकॉम लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः गहलोत, खर्रा, कायत। पो.बा. 601/24, सम्पर्क करें 9314407796 या 9928428368 देखें वेब साईट www. siddscreation.com

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किराड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः

### वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीचल्चर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, लुगरिया, मावर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, इन्दौरा, दैराण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, डाबला, गहलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, डाबला, निवार्ण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः खनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः निर्वाण, बावलिया, खर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

जयपुर विकास प्राधिकरण

# मुख्य सचिव सुधांशपंत ने जेंडीए का दौरा कर बैठक ली

### सीएस ने ईमानदारी एवं पूर्ण निष्ठा से कार्य करने के दिए निर्देश



परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जयपुर विकास प्राधिकरण का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं बैठक ली तथा महत्वपूर्ण निर्देश दिए। दौरे के दौरान एवं बैठक में जयपुर विकास आयुक्त, जेडीए सचिव सहित जेडीए के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थिति रहें।

मुख्य सचिव ने समस्त अधिकारियों को कार्य प्राथमिकता एवं समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेडीसी द्वारा साप्ताहिक रूप से पत्रावली डिस्पोजल की मॉनिटरिंग नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों को फाइले अनावश्यक रूप से रोकने एवं ईमानदारी और निष्ठा से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अभियांत्रिकी निदेशकों को प्रोजेक्टस की साप्ताहिक रूप से समीक्षा बैठक कर निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास कार्यो के प्राप्त बिलों का भुगतान समयबद्ध रूप से करवाने हेतु अभियांत्रिकी निदेशकों को निर्देश दिए। उन्होंने प्रवर्तन शाखा द्वारा की जा रही है कार्यवाहियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। विभाग द्वारा सही एवं प्रभावी कार्यवाही करने से विभाग की विश्वनीयता बढती है। आमजन को अत्यधिक राहत देने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगो के आपसी झगड़े में विभाग को नहीं पड़ना चाहिए एवं 100 प्रतिशत जनहित, राज्य हित एवं जेडीए हित में कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जेडीए स्वामित्व की भूमि पर अतिक्रमण रोकथाम हेतु प्रयास कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही न्यायालयो में भूमि से संबंधित लंबित प्रकरणों में प्रभावी पैरवी की जाए। पंत ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि व्यक्तिगत एवं कार्यालय में अनुशासन लाएं। सभी प्रकोष्ठों के प्रमुखों को अपना दायित्व ईमानदारी एवं निष्ठा से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जेडीए परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था साम.हिक रूप से सुनिश्चित करवानी है। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने मुख्य सचिव महोदय द्वारा दिए गए विभिन्न सुझावों के लिए उन्हें सादर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं निर्देषों की पालना करने के लिए कहा।

सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं रिकॉर्ड को सिस्टमैटिक रूप से व्यवस्थित करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

जेडीए में पत्रावलियों को तीन श्रेणियां में ऑनलाइन किया जा रहा है। जिसमें ए एवं बी कैटेगरी की अधिकतर फाइले ऑनलाइन की जा चुकी है और सी कैटेगरी की फाइल भी जून माह तक ऑनलाइन कर दी जाएगी। इसके साथ ही फाइलों का निस्तारण भी 1 से 5 घंटे में ही किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जेडीए में दोपहर 3 से 5 बजे तक निरंतर रूप से जनसुनवाई की जा रही है।

प्रत्येक कार्य की साप्ताहिक रूप से मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेन पॉवर गैप को दूर करते हुए फाइल ऑनलाइन करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

# चौथे दिन तक 29,186 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने किया घर पर ही मतदान

### प्रदेश के 12 लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग की शुरुआत

### मतदाताओं ने मतदान कर चुनाव आयोग की पहल पर जताई खुशी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। लोकसभा आम चुनाव–2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। प्रदेश के 12 लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार से होम वोटिंग की शुरुआत हुई थी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव–2024 के अंतर्गत प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है। प्रदेश में शुक्रवार को होम वोटिंग के तीसरे दिन तक 16686 बुजुर्ग तथा 5714 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों के लिए पात्र 36,558 पात्र मतदाताओं के फॉर्म स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 27,443 वरिष्ठ नागरिक और 9,115 दिव्यांग शामिल हैं। विशेष मतदान दल ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करवा रहे हैं। प्रथम चरण के लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए मतदान की प्रक्रिया 5 से 13 अप्रैल तक चलेगी। सर्वाधिक मताधिकार जयपुर लोक सभा क्षेत्र में किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा चरण 15 से 16 अप्रैल के बीच होगा।

**कई दिव्यांग मतदाताओं ने किया पहली बार मतदान :** प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में विशेष मतदान दलों ने पूरी सक्रियता के साथ शनिवार सुबह 9 बजे से होम वोटिंग के लिए मतदाताओं के घर–घर जाना प्रारम्भ किया। तीन दिन में सर्वाधिक मतदान 3,313 जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है। अब तक चार दिवस में 314 मतदाता मृत्यु हो जाने से तथा 789 मतदाता घर पर नहीं होने की वजह से वोट नहीं डाल सके। इन 789 मतदाताओं के लिए मतदान दल एक बार दोबारा 15–16 अप्रैल को मतदान कराने जाएगा।

# होली संग गणगौर का कार्यक्रम का आयोजन



परिष्कार पत्रिका जयपुर। होली संग गणगौर कार्यक्रम का आयोजन 6 अप्रैल (शनिवार) को रक्त शक्ति क्लब जयपुर द्वारा शिवम गार्डन में होली संग गणगौर उत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूनम शर्मा पार्षद, दुर्गा शर्मा दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्र की शुरूआत की। बसन्त जैन व जेकेजे ज्वैलर से नीलम व अतिथि राधे श्याम गुप्ता, अनामिका शर्मा और अलका शर्मा पधारे एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई रक्त शक्ति क्लब की संस्थापक डा अपर्णा शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं के लिए रखा गया। राधा कृष्ण का भव्य प्रस्तुति होली संग गणगौर रंगारंग कार्यक्रम में सभी को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया। विजिया कोठारी ने सभी का धन्यवाद किया गया। मेंबर विदू शर्मा, पूजा शर्मा, पायल बैद, आरती, अंजू पिंकी, निर्मला, प्रतिभा पूरी टीम का सहयोग रहा।

# ओटिजम डे अवेयरनेस अवार्ड का आयोजन



परिष्कार पत्रिका जयपुर। ओरा फाउंडेशन और भवानी विद्यालय ने ऑटिजम डे अवेयरनेस अवार्ड 2024 का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। इस अवसर पर सभी को उपहार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



## बीकानेर हाउस में आयोजित नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव सम्पन्न

परिष्कार पत्रिका जयपुर। दिल्लीवासियों के दिलों पर राजस्थानी कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और खानपान की अमिट छाप छोड़कर नौ दिवसीय राजस्थानउत्सव सम्पन्न हो गया। बीकानेर हाउस में रूडा, राजस्थान पर्यटन विभाग और बीएचएमएस की ओर से आयोजित राजस्थानी हॉट बाज़ार और राजस्थान उत्सव के साथ–साथ प्रदेश की संस्कृति से रूबरू करवाते अलग–अलग कार्यक्रमों ने देशी–विदेशी आगंतुकों को अपनी ओर खूब आकर्षित किया।

## तू चिंता ना कर

परिष्कार पत्रिका जयपुर।

कहते, बच्चे मैं बैठा हूं,
तू चिंता ना कर।

जिसका पिता जगत का मालिक,
उसको क्या है डर।
पहली शिक्षा देता हूं,
तुम देहभान को दूर करो,
देहीभान में टिक जाओ,
सारी अभिलाशा पूर्ण करों।
पावन बन कर याद करों,
करना है यही सफर,
कहते, बच्चे मैं बैठा हूं,
तू चिंता ना कर।

आधाकल्प से रावण ने,
तुम्हे अपनी जेल में डाला है,
भांति–भांति के दुख देकर,
रुला–रुलाकर पाला है।
अब गोदी मेरी आए हो,
कोई ना करों फिकर,
कहते, बच्चे, मैं बैठा हूं,

तू चिंता ना कर।
बहुत दिनों से आस लगाकर,
रो–रो हमें बुलाए हैं,
अपना परिचय देने को,
अब परमधाम से आए है।
मुझे बिंदुरूप में याद करों,
खुद भी बन जाओ शिफर
कहते, बच्चे, मैं बैठा हूं,
तू चिंता ना कर।

स्वर्ग धरा पर लाने को,
मैं परमधाम से आया हूं,
नर्क की दुनिया नहीं रहेगी,
वह तुमको बतलाया हूं।
याद से पाप भस्म कर लो
अब तो चलना है घर,
कहते, बच्चे, मैं बैठा हूं,

तू चिंता ना कर।
कल्प बाद आकर,
मीठे बच्चों को मैंने ढूंढ लिया,
नर से नारायण बनने का
लक्ष्य भी उनको गूढ़ दिया।
लाया हूं स्वर्ग हथेली पर,
वर्से की करो कदर,
कहते, बच्चे, मैं बैठा हूं,
तू चिंता ना कर।

ब्रह्मकुमार निर्विकार

# राजस्थान दिवस पर समरसता रत्न आवार्ड से सम्मानित

परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर राजस्थान स्थापना दिवस 30 मार्च 2024 को आयोजित जी–22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन राजस्थान सरकार की ओर से अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा वासुदेव देवनानी अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच के आमंत्रण पर सम्मिलित होकर भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धांत, को वैश्विक स्तर पर पहुंचने के लिए राजस्थान दिवस की शुभकामनाओं में कहा कि आज के इस महोत्सव में राजस्थानी नागरिकों को संकल्प लेकर कार्य करने का आवाहन किया। राजस्थान सरकार की ओर से अपने उद्बोधन में कहा कि भारत और नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक समानताओं से जुड़े हुये हैं। खुली सीमायें और सीमा पर खुले प्रवासन ने दोनों देशों की सांस्कृतिक समझ को समृद्ध किया है। राजस्थानीयों को सांस्कृतिक अतिक्रमण से नाजुक संतुलन को बनाये रखने का निरंतर प्रयास करना चाहिए।

महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानंद झा की उपस्थिति में वासुदेव देवनानी के कर कमल द्वारा 13 राज्य व राजस्थान के सभी जिलों की प्रतिभाओं में चंद्र मोहन सैनी अध्यक्ष बालजी नगर विकास समिति, बालाजी नगर दौलतपुरा रोड बेनाड जयपुर. का राजस्थान समरसता अवार्ड शाफा, शॉल ,मेडल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। समारोह के साक्षी 22 राष्ट्रो के राष्ट्रध्वजो भारत, नेपाल, भुटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रेलिया, क्रोएशिया, फिनलैण्ड़, तुनिशियाँ,




जर्मनी, ईराक, इजराईल, मैकड़ोनिया, मोरक्को, नीदरलैण्ड़, नाईजीरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल ड़ेनिश, श्रीलंका, मालदीव रहे। समारोह के शुभारंभ में 22 राष्ट्रो के राष्ट्रध्वज के सानिध्य में समरसता कलश यात्रा, सैकड़ो साधु संतों के नेतृत्वमें सैकड़ो महिलाओं द्वारा किया गया। समारोह में नारीशक्ति शिरोमणि अवार्ड से समरसता कलश यात्रा में सम्मलित सम्माननीय महिलाओं का सम्मान किया गया। व्योवृद्ध समाजवादी स्वतंत्र सेनानी 99 वर्षीय प. रामकिशन शर्मा पूर्व सांसद ने सभी प्रतिभाओं को आशीर्वाद प्रदान किया। स्वागत भाषण संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी द्वारा 7300 दिवसीय कार्य योजना जी–22 समरसता सोशल मिशन यात्रा का प्रतिवेदन किया। मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट वेस्ट फर्म काठमांडौ नेपाल ने सभी का आभार प्रकट किया कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रामावतार चौधरी मंच की पूर्व सम्मानित प्रतिभा ने किया।

## स्वास्थ्य दिवस पर विभिन्न जगह हुए यज्ञ और गोष्ठी

# बाजारवाद स्वास्थ्य के लिए घातक फैलाई बीमारियां, सुविचार यम नियम यज्ञ सुस्वास्थ्य के आधार : यश

परिष्कार पत्रिका जयपुर। बाजारवादी अन्तर्राष्ट्रीय दवाई माफिया संवेदना शून्य चिकित्सा आहार में विषैले पदार्थों के विज्ञापनों से वढती खपत कुविचारों को परोसते प्रचार तंत्र बीमारियों के मुख्य कारण हैं। साइकोसोमेटिक मन से उत्पन्न बीमारियों को रोकने हेतु सुविचार, योगांग यम अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य अपरिग्रह तथा नियम शौच संतोष तप स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान की पालना एवं यज्ञ को अपनाना होगा।





उक्त कथन स्वास्थ दिवस पर जगह जगह यज्ञ और गोष्ठीओं में वैदिक चिंतक मोटीवेटर यशपाल यश ने व्यक्त किए। यश ने मानसरा. वर में पी सी सिंघल स्मृतिय यज्ञ और संगोष्ठी में कहा कि अधिकांश शारीरिक बीमारियां विकृत मनोदशा के कारण हैं ।यश ने कहा कि मन में उत्पन्न स्पर्धा काम कोध लोभ मोह मद जन्य विकारों से हानिकारक रसायनों का निकलना शरीर के वाइटल ओरगन्स को नुक्सान पहुंचाता है। इस अवसर पर रश्मि गुप्ता, डॉ सीमा गुप्ता, मनोज गुप्ता, डॉ मुकेश गुप्ता, मोनू सिंघल, सीमा सिंघल राजेश कुमार गुप्ता, नेहा गुप्ता, डॉ प्रमोद पाल, पलक यश, परिधि, आह्विक, आग्नेय, दिवांशु, स्वस्ति, शांतनु, चौतन्य, प्रतिमा एवं दिलीप राठौड़, राठौड़ आदि शामिल हुए।

यज्ञ के माध्यम से यशपाल यश ने संदेश दिया कि संपूर्ण ब्रह्मांड के शुद्धिकरण के लिए यज्ञ एक वैज्ञानिक माध्यम है। मनुष्य की मोक्ष प्राप्ति और सदगति को प्राप्त होने का एकमात्र उपाय श्रद्धा भक्ति एवं सुविचार रखते हुए मन एवं कर्म से मानव सेवा की भावना रखना है। ओउमाश्रय सेवा धाम में योगेन्द्र प्रसाद मीना मधु यश जयप्रकाश खण्डेलवाल अनिता आर एम शर्मा विजेता शर्मा काव्या मंथन राशि दीपांश गोयल गरिमा गर्ग ने भाग लिया। ओउमानंदम् में महेंद्र सिंह धाकड श्याम सुन्दर अग्रवाल भंवर सिंह मधु रानी आदि ने भाग लिया।

# भारत की वैश्विक साख एवं धाक दोनों बढ़ी है जिस पर हमें गर्व है : डॉ चारण

### 'वैश्विक स्तर पर तीव्रता से भारत की बढ़ती पहुंच' विषय पर कार्यक्रम आयोजित

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नई दिल्ली के निर्देशानुसार कुलपति प्रो.बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन में जैन विश्वभारती संस्थान में संचालित विकसित भारत 2047 थीम पर 'वैश्विक स्तर पर तीव्रता से भारत की बढ़ती पहुंच' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में राजकीय महिला महाविद्यालय लाडनू के प्राचार्य प्रो. गजादान चारण मुख्य अतिथि रहे। प्रो. चारण ने कार्यक्रम में कहा कि भारत में विकसित राष्ट्र बनने की अपार संभावनाएं मौजूद है और इस दिशा में भारत तीव्र गति से प्रयासरत है। न केवल आर्थिक एवं तकनीकी क्षेत्र में, बल्कि सैन्य क्षमता की दिशा में भी भारत आत्मनिर्भर बन चुका है और दूसरे राष्ट्रों को सैन्य सहायता उपलब्ध करवाने में सक्षम बनता जा रहा है। कभी पड़ोसी मुल्क द्वारा आतंकवादी घटनाओं को बढ़ावा देने पर भारत काफी चिंतित नजर आता था, वहीं आज भारत दृढ़ता से आतंकवाद पर अंकुश लगाने में सक्षम बन चुका हैं।

हमने अपने सांस्कृतिक गौरव को पुनः प्रतिष्ठापित करने में सफलता पाई है। योग, आयुर्वेद, चिकित्सा एवं ज्ञान–विज्ञान के हर क्षेत्र में आज का भारत तीव्रगति से हुआ है और देश अब विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हैं। भारत की धाक और वैश्विक साख दोनों बढ़ी है, जिस पर हम गर्व कर सकते हैं। आज यहां का प्रत्येक नागरिक जागरुक होकर अपने राष्ट्र के विकास हेतु प्रयत्नशील है। राष्ट्रभाषा हिंदी आज प्रभावशाली भाषा के रूप में अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रभुत्व बढ़ा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ में भी हिंदी भाषा प्रभाव दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

**अधिकारों की अपेक्षा कर्तव्यों को महत्व दें :** कार्यक्रम समन्वयक प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने के लिए हमें अधिकारों के स्थान पर कर्तव्यों को ज्यादा महत्वपूर्ण मानना होगा। हमारे गौरवशाली अतीत को के अनुरूप हमें अपने आदर्शों एवं जीवन मूल्यों को अधिक प्रभावशाली बनाकर विश्व में वर्चस्व के लिए अग्रसर होना होगा। प्रारम्भ में प्रो. जैनेंद्र कुमार जैन ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। अंत में कुलसचिव प्रो. बीएल जैन ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.बलबीर सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. दामोदरशास्त्री, प्रो. रेखा तिवारी, डॉ. प्रद्युमन सिंह शेखावत, डॉ. रविंद्र सिंह राठौड़, डॉ. सत्यनारायण भारद्वाज, डॉ. लिपि जैन, डॉ. प्रगति भटनागर, डॉ. जे.पी. सिंह, डॉ. विनोद कस्वां, डॉ. सब्यसाची सारंगी आदि सहित विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।












# दलित मानवाधिकारों के पीएल मीमरोठ की जयंती को भव्य बनाने के लिए होंगे श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम

परिष्कार पत्रिका जयपुर। दलित अधिकार केन्द्र के 20वें स्थापना दिवस तथा स्व. पी. एल.मीमरौठ की जयन्ती के उपलक्ष में दलित अधिकार केन्द्र द्वारा दलितों के सश. क्तिकरण एवं उनके उत्थान हेतु 20 वर्षो के सफर में अनेंकों कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। केन्द्र के संस्थापक व दलित मानवाधिकारों के पुरोधा स्व. पी. एल. मीमरौठ का दिनांक 24 फरवरी, 2023 को स्वर्गवास हो गया था। उनके जाने से राजस्थान में दलित आन्दोलन को जो क्षति हुई उसकी पूर्ति किसी भी रूप में नहीं हो सकती।

परम श्रद्वेय पी.एल. मीमरौठ ने राजस्थान में ही नहीं अपितु पूरे देश में दलितों की आवाज बनकर प्रभावी पैरवी की, उनके योगदान को याद करने के लिए दलित अधिकार केन्द्र के 20वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य के शुभ अवसर पर प्रदेश के सामा. जिक व मानवाधिकार संगठनों व नागर समाज के संयुक्त तत्वाधान में पी.एल. मीमरौठ की जयन्ती मनाने का निर्णय लिया गया है जिसके लिए ''पी.एल. मीमरौठ जयन्ती समारोह समिति'' का गठन किया गया है। जयन्ती समारोह आयोजन समिति की अध्यक्ष कविता श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष पी.यू.सी.एल. के मार्ग दर्शन में किया जा रहा है।

इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन 10 अप्रेल 2024 को प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक स्थान इन्द्रलोक सभागार, भट्टारकजी नसिंया, नारायण सिंह सर्किल, टोंक रोड जयपुर में किया जायेगा। इस समारोह की मुख्य अतिथि अरूणा राय, प्रतिष्ठत सामा. जिक, मजदूर किसान सशक्ति संगठन कार्यकर्ता होगी तथा अध्यक्षता पॉल दिवाकर, राष्ट्रीय संयोजक, ग्लोबल फॉरम ऑफ डिसेन्ट डिसक्रिमेटेड कम्यूनिटीज होगे। इस अवसर श्रृखलाबद्व रूप से निम्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी :

1. दलित अधिकार केन्द्र की 20 वर्ष की यात्रा पर डॉकूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन।
2. पी.एल. मीमरौठ की जीवनी का विमोचन
3. सामाजिक न्याय के क्षेत्र में कार्य करने वाले दलित कार्यकर्ता को ''पी.एल.मीमरौठ मैमोरियल सोशल जस्टिस अवार्ड–2024'' से सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किया जायेगा
4. ''राजस्थान में दलित संघर्ष'' विषय पर निबन्धन लेखन प्रतियोगीता के प्रथमविजेता को 5000/– रूपये, द्वितीय विजेता को 3000/– रूपये तथा तृतीय विजेताओं को 1500/– रूपये तथा प्रशस्तिपत्र ''पी.एल. मीमरौठ मैमोरियल निबन्ध लेखन प्रतियोगिता अवार्ड– 2024'' पुरूस्कार से सम्मानित किया जायेगा।
5. सांस्कृति कार्यक्रम व मीमरौठ के सामा. जिक न्याय के संघर्ष की यात्रा पर नाटक का मंचन तथा गीत प्रस्तुत किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम एक अनूठा कार्यक्रम है जिसके माध्यम से पी.एल. मीमरौठ के द्वारा जीवन पर्यन्त किये गए। दलित समाजोत्थान के कार्यो के माध्यम से उनके योगदान को याद किया जायेगा तथा भावी युवा पीढी को संदेश देने देने का माध्यम भी स्थापित होगा।

स्मरण रहे दलित समाज सुधान सश. क्तिकरण, अत्याचार पैरवी, नीति निर्माण द्वारा उनके हको को दिलवाने में महती भूमिका है। उनके कृतृत्व तथा व्यक्तित्व को वर्तमान तथा भावी पीढी में उनके विचारों का प्रचार–प्रसार करने में मददगार साबित होगा। उक्त कार्यक्रम में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, अलवर, भरतपुर, दौसा, अजमेर, करौली, गंगापुर सीटी, उदयपुर, भीलवाडा, टोंक, सीकर, झून्झूनू, सिरोही, जयपुर, जोधपुर, पाली, सवाईमाधोपुर आदि जिलों से इस महत्वपूर्ण व एतिहासिक कार्यक्रम में देश प्रदेश से दलित आन्दोलन, सामाजिक संगठनों के लगभग 500 कार्यकर्ताओं के शामिल होने की सम्भावना है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की विभिन्न विषयों पर समीक्षा

# जनसेवा और जीवन रक्षा का उद्देश्य सर्वोपरि असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं, सख्त कार्रवाई होगी, उच्च अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। जनसेवा और जीवन रक्षा का उद्देश्य ही सर्वोपरि है। स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में किसी भी स्तर पर असंवेदनशील रवैया या लापरवाही सामने आई तो सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे मामलों में दोषी अधिकारी या कार्मिक के साथ–साथ संबंधित उच्च अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। सिंह स्वास्थ्य भवन में मौसमी बीमारियों, चिकित्सा संस्थानों के लिए भूमि की उपलब्धता, फायर एनओसी सहित अन्य विषयों पर आयोजित राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि विगत दिनों में कुछ चिकित्सा संस्थानों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों का मरीजों के प्रति असंवेदनशील रवैया रहा या लापरवाही हुई। ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को निर्देश दिए कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए चिकित्सा प्रबंधन से संबंधित एसओपी और गाइडलाइंस को और सुदृढ़ बनाया जाए। साथ ही, अस्पताल प्रबंधन पूरी गंभीरता के साथ व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करे।

**मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रदेश में चलाया जा रहा क्रेष प्रोग्राम :** अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस बार मौसमी बीमारियों की रोकथाम और प्रसार को रोकने के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रदेश में एक अप्रेल से मलेरिया क्रेष प्रोग्राम चलाया जा रहा है, ताकि बारिश के मौसम में इस बीमारी का प्रसार नहीं हो। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी जमीनी स्तर पर जिम्मेदारी के साथ काम करें। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, संयुक्त निदेशक जोन, सीएमएचओ, पीएमओ सहित पूरा सिस्टम प्रो–एक्टिव एप्रोच के साथ काम करें।

**हर सप्ताह होगी अंतर्विभागीय समीक्षा :** सिंह ने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए अंतर्विभागीय समीक्षा साप्ताहिक रूप से की जाएगी। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भी मौसमी बीमारियों की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी मलेरिया, डेंगू आदि मौसमी बीमारियों के केस ज्यादा सामने आएं, वहां बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करें। स्थानीय निकाय विभाग समझाइश के बाद भी पानी भराव की स्थिति पाए जाने पर चालान की कार्यवाही करे।

**विभागों के बीच रहे बेहतर तालमेल, गतिविधियों की दैनिक रिपोर्टिंग की जाए :** सिंह ने कहा कि स्थानीय निकाय विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, सहित सभी संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय कर समुचित तैयारियां की जाएं। अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रहे। हैचरीज समय पर शुरू हों। सोर्स रिडक्शन, इनडोर स्प्रे एवं एंटी लार्वा गतिविधियां करने के साथ ही आमजन एवं स्कूलों में बच्चों को इन बीमारियों से बचाव के लिए आईईसी गतिविधियां की जाएं। मौसमी बीमारियों से जुड़ी सभी गतिविधियों एवं केसेज की दैनिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए।

**अस्पतालों की फायर सेफ्टी ऑडिट कराएं :** अतिरिक्त मुख्य सचिव ने ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अस्पतालों में मरीजों एवं परिजनों के लिए पानी एवं छाया का समुचित प्रबंध हो। साथ ही, इस मौसम में बिजली उपकरणों के अधिक उपयोग के कारण आग लगने की घटनाओं की आशंका रहती है। इसे देखते हुए अस्पतालों में फायर सेफ्टी सिस्टम की क्रियाशीलता की जांच करवाई जाए। साथ ही फायर सेफ्टी ऑडिट एवं एनओसी की कार्यवाही भी शीघ्र की जाए।

**चिकित्सा संस्थानों के लिए भूमि चिन्हीकरण जल्द करें :** सिंह ने कहा कि भूमि की उपलब्धता के अभाव में कई चिकित्सा संस्थानों के भवनों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ऐसे भवनों के लिए भूमि चिन्हित करने की कार्यवाही शीघ्र की जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधाएं सुदृढ़ करने की दृष्टि से प्रदेशभर में चिकित्सा संस्थानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिन संस्थानों का अभी तक निरीक्षण नहीं हुआ है। उनका प्राथमिकता के साथ निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही, निरीक्षण के उपरांत भी जिन अस्पतालों में व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है, वहां जल्द सुधार किया जाए, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरी, अतिरिक्त निदेशक आरएच डॉ. प्रवीण असवाल एवं स्थानीय निकाय विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, अधीक्षक, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष, संयुक्त निदेशक जोन, सीएमएचओ, अधिशाषी अभियंता, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, स्थानीयनिकायों के स्वास्थ्यअधिकारी, एसएसएच लैबइंचार्ज, जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट, एंटोमोलोजिस्ट एवं वीबीडी सलाहकार भी वीसी से जुड़े।

## चुनाव कार्यों में कार्मिकों के मनादेय में वृद्धि

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदान और मतगणना सहित अन्य कार्य में नियुक्त कार्मिकों के मानदेय में वृद्धि की गई है।

गुप्ता ने बताया कि मतदान के दिन बूथ पर नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर को अब प्रथम दो दिवस के लिए 1,000 रुपये तथा दो दिवस से अधिक ड्यूटी पर 500 रुपये प्रतिदिवस (अधिकत्तम 3,000 रुपये) पारिश्रमिक दिया जाएगा। पूर्व में माइक्रो ऑब्जर्वर को पारिश्रमिक के रुप में एकमुश्त 1,000 रुपये दिए जाते थे।

उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के कारण कई माइक्रो ऑब्जर्वर की चुनाव ड्यूटी दो दिवस से अधिक होती है। अब इस वृद्धि से उन्हें लाभ मिल सकेगा।

सदाचार उच्च मा. विद्यालय
आकड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026
[अग्रेंजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय
SADACHAR PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-educational institute)
Ph. 3141519, 2202026
English Medium
Play Group to VIIIth
Conveyance Facility (Auto)
Based on N.C.R.T. Pattern
सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ऊषा शर्मा
प्रिंसिपल
सदाचार उच्च मा विद्यालय

# चित्तौड़गढ़ लोकसभा प्रत्याशी सीपी जोशी ने प्रतापगढ़ और बड़ी सादड़ी में किया जनसम्पर्क

### मोदी गारंटी पत्थर की लकीर, जनता देश की मजबूती और विकास से समझौता नहीं करेगी, फिर एक बार मोदी सरकार चुनेगी : सीपी जोशी



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी सीपी जोशी ने आज प्रतापगढ़ विधानसभा में कचोटिया, मोटा धामनिया, सांडनी (पटेलिया), रामपुरिया, लुहारिया और बड़ीसादड़ी विधानसभा में देवगढ़, चिकलाड़, ग्यासपुरा, नकोर, तलाया, धमोत्तर, कुलमीपुरा, रठांजना, थड़ा, काजलीखेड़ा, बरडिया एवं खोरिया में जनसंपर्क कर भाजपा को मत और समर्थन देने का आग्रह किया। जनसंपर्क के दौरान अनेक स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आमजन ने उनके स्वागत में ढोल बजाए, पुष्प वर्षा की और पार्टी का दुपट्टा पहनाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने जनता से मिल रहे अपार समर्थन, प्रेम और आशीर्वाद के लिए आभार जताते हुए कहा कि मतदान दिवस देश के विकास और सुरक्षा के लिए एक मजबूत सरकार चुनने का दिन है। पिछले दस सालों में भाजपा की मोदी सरकार ने देश को परिवार मानकर जिस प्रकार काम किया है उससे अबकी बार 400 पार सीटें आना तय है, फिर एक बार मोदी सरकार का आना तय है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि 55 साल तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस के समय देश में हताशा और निराशा का माहौल था, व्यवस्था और अर्थ व्यवस्था दम तोड रही थी, कांग्रेस ने देश को भ्रष्टाचार और आतंकवाद की आग में धकेलकर कमजोर करने का काम किया। एक परिवार को देश मानकार काम किया और विकास के काम नहीं किए। कांग्रेस की नीति, नीयत और कमजोर नेतृत्व पर अविश्वास के चलते 2014 में जनता ने भाजपा की मजबूत मोदी सरकार को चुना जिसने सेवा को ही संकल्प मानकार सबका साथ सबका विकास के ध्येय के साथ अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति को भी मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। पिछले दस सालों में देश तेज गति से आगे बढ़ा और मजबूत हुआ।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने इतने साल जनजाति क्षेत्र में विकास के कोई काम नहीं किए। देश में पहली बार जनजाति मंत्रालय बना तो भाजपा की सरकार में बना, जनजाति आयोग को पहली बार संवैधानिक दर्जा दिया तो भाजपा ने दिया, आज जनजाति क्षेत्र को एकलव्य मॉडल स्कूल, विवेकानंद मॉडल विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मेडिकल कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय सहित रेल, सड़क, चिकित्सा, पानी, बिजली सहित विकास की अनेक सौगातें मिल रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि 2047 में विकसित भारत का सपना देखने वाला हर भारतीय आज खुश है, फिर से मोदी सरकार बनाने को आतुर है। जनता देश की मजबूती और विकास के साथ कभी समझौता नहीं कर सकती। इसलिए फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार जन–जन का नारा बन चुका है। जनसंपर्क के दौरान राजस्थान सरकार में मंत्री हेमंत मीणा, गौतम दक, जिला अध्यक्ष गोपाल कुमावत सहित क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहर कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में सुनील शर्मा ने पहुंचकर कांग्रेस को जीताने का संकल्प लिया



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर के कांग्रेस उम्मीदवार प्रताप सिंह खाचरियावास के समर्थन में आठ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं विधायक प्रत्याशी, 250 वार्डों के पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी, ब्लॉक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा कार्यालय पर बड़ी तादाद में जुटे। कार्यकर्ताओं ने लोकप्रिय कांग्रेस उम्मीदवार प्रताप सिंह खाचरियावास को जिताने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुनील शर्मा भी कार्यकर्ताओं के बीच में पहुंचे और उन्होंने कहा कि प्रताप सिंह खाचरियावास लोकप्रिय उम्मीदवार को जीतने के लिए तथा जयपुर की आवाज मजबूत करने के लिए संघर्ष के प्रतीक के रूप में प्रताप सिंह ने अपनी पहचान बनाई है इसलिए मैं भी इन्हें जिताने के लिए कोई कसर नहीं रखूंगा। मेरा प्रताप सिंह खाचरियावास को पूर्ण समर्थन है। इस अवसर पर विधायक रफीक खान, आमीन कागजी, शहर अध्यक्ष आर आर तिवाड़ी, अर्चना शर्मा पुष्पेंद्र भारद्वाज, गंगा देवी, सीताराम अग्रवाल भी उपस्थित थे। एक साथ जुटे कांग्रेस परिवार ने पिछले 5 दिन में कांग्रेस की स्थिति बहुत मजबूत होने पर कार्यकर्ताओं ने आह्वान किया।

# एजुकेशन ब्रांड एम्बेसेडर और शिक्षक सहयोगी संवारेंगे जरूरतमंद विद्यार्थियों का भविष्य

### समर्पण संस्था द्वारा होली मिलन व बैठक आयोजित



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए समर्पित समर्पण संस्था की ओर से होली मिलन बैठक में शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिए शिक्षा दान महाअभियान शुरू किया गया। इसके साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों लिए आवेदन पत्र भी जारी किये ।


संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिए 10 वां शैक्षिक सहयोग व एज्युकेशनल एम्बेसेडर अधिवेशन "शिक्षा दान महोत्सव " 7 जुलाई को आयोजित किया जायेगा। इसके लिए जरूरतमंद विद्यार्थी निर्धारित आवेदन पत्र में 10 अप्रेल तक आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह फण्ड एकत्र करने के लिए एज्युकेशनल ब्रांड एम्बेसेडर/ एज्युकेशनल एम्बेसेडर/ शैक्षिक सहयोगी नियुक्त करने लिए भी निर्धारित सहयोग राशि के साथ आवेदन आमन्त्रित किये गये हैं। इस शिक्षा दान महाअभियान में अधिक से अधिक दानदाताओं को जोड़ा जायेगा। डॉ. माल्या ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में संस्था द्वारा किये गये कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आई ए एस व संस्था के प्रधान पथ प्रदर्शक डॉ. बी. एल. जाटावत ने कहा कि शिक्षा का दान श्रेष्ठ है संस्था के इस प्रयास के साथ समाज के जागरूक व्यक्तियों को जुड़ना चाहिए। मुख्य सलाहकार योगी मनीष विजयवर्गीय ने शिक्षा के महत्व को समझाते हुए सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर संस्था पदाधिकारियों ने शिक्षा दान महाअभियान के पोस्टर का विमोचन किया।

Sanjay Memorial Sr. Sec. School
17, Janta Nagar, Sodala, Jaipur Reg. No. : 248/81
8852009000, 9828030755
Admission Open
Play Group to XIIth
[Hindi/ English Medium]

इमरान अली, निदेशक
विशेषताएं : विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश, विज्ञान कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला, बोर्ड कक्षाओं में अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी, सभी नए प्रवेश लेने वाली विद्यार्थियों के लिए फ्री यूनीफॉर्म, स्पोर्टस विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश, खबर भेजें या मेल करें -**

**संपादक, परिष्कार पत्रिका,**
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06 मो. 9314407796, 9351311820
Gmail : parishkarpatrika@gmail.com
अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika .com

Estd. 2001
Reg. No. 259/2001
JAI MAA SARSWATI VIDHYA PEETH SR. SEC. SCHOOL


54, Raval Ji Ka Bandha, Khatipura Road, Behind N.B.C. Staff Quaters, Jaipur, Rajasthan 302006
Nur. TO XII English & Hindi Medium (Arts & Com.)
Admission Open
Our Goals & Ambitions for 2024 to upcoming years
1. In the session, we have started a special program for students and their parents in our school.
2. Compulsory Medical insurance for all students.
3. Book Bank has been started so that parents can be saved from the financial burden of buying books in the coming session.
4. To increase the student's moral values, we have decided to go to "OLD AGE HOME" with students and their parents
OUR FACILITIES
1. Live Camera on the Class-room
2. Computer Lab. & Library
3. Sports (Indoor/ Outdoor) Facilities
4. Transport Facilities
5. Free education for those children who don't have parents.
6. 50% Discount in tuition fees for Player and Child of Soldiers
7. Our YouTube channel
http://www. youtube.com@JMSSCHOOL
Contact Persons
Director - Sanjay Sir/ Devendra 9251467543
Principal - Vijaylaxmi Saini 9251467543
Incharge - Roop Singh 9079171827
Sr. Female Co-Ordinator - Meena Bist 9351251572
Female Co-Ordinator - Reena Robert 89493069
Co-Ordinator - Javed Ali 9602503453
Technical Head - Deependra Khowal 9829865737
Our Achievements
1. Till now we have given free education to about 2100 studens
2. 63rd state level Badminton champion in 2018-2019.
3. 64th District level Badminton champion in 2019-2020.
4. Two time Participated in national level Badminton Competition from 2018-2020.
5. First prize in Nutrition Best Practice Organized by Nestle(Magic Bus)
6. Participation in Career Counseling Program Organized by ICAI
7. 3rd Prize winner in 59th wildlife week Road safety advocacy program Organized by Govt. of Rajasthan.
DON'T WAIT FOR THE PERFECT MOMENT, TAKE THE MOMENT AND MAKE IT PERFECT.

Morning Star St. Anselm's Sr. Sec. School
Saipura Road, Madrampura, Sanganer, Jaipur-302029
Email-morningstar.anselm@gmail.com. Website: www.morningstarstanselm.in. Ph.: 9694036851
A Branch of St. Anselm Schools, Jaipur
- Lush Green Campus
- Purified drinking water
- All Sports
- Outdoor & Indoor Games
- Kids Zone Park
- Activity Room
- Smart Classes
- Well Furnished Labs for all Subjects.
- School Bus Facility
- Parking
- Well Furnished Library
- Experienced and skilled staff
- Auditorium and many more




New Admission Starting From 16th January 2024
Email-morningstar.anselm@gmail.com. Contact : +91 9694036851

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार